
तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025


11 पानी बिन खेतों में पड़ी दरारें, सूख रही धान की फसल...



12 छुईहा जंगल में हाथी ने ग्रामीणों को दौडाया, वन विभाग...










खबर संक्षेप



## चलती कार में लगी आग बाल बाल बचे तीन सवार

**गरियाबंद/मैनपुर।** मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग में मंगलवार दोपहर को उस वक्त हडकम्प मच गई, जब तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गया और कार में आग लग गई कार में सवार तीन लोग बाल बाल बचे वहीं आने - जाने वाले वाहनों की काफिला लग गई। यह हादसा इंदागांव और बुडगेलटप्पा के बीच हुआ, जब चलते-चलते कार से धुआं उठने लगा और कुछ ही सेकंड में आग भड़क उठी। गनीमत रही कि कार में सवार लोग सतर्कता दिखाते हुए समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गरियाबंद की ओर से देवभोग जा रही कार में अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही क्षणों में लपटें तेज हो गईं। यात्रियों ने तुरंत गाड़ी रोकी और बाहर शेष पेज 10 पर

मांग : मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

# शासकीयकरण होने तक सरपंचों को नहीं देंगे प्रभार : सचिव संघ





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर जनपद पंचायत छुरा के 74 पंचायत के पंचायत सचिव 18 मार्च से काम बंद कलम बंद कर अपने एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक शासकीय करण नहीं हो जात तब तक नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं दिया जाएगा। ज्ञात हो की 2023 के विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी के रूप में घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें सरकार बनने के बाद 100 दिन के भीतर ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिवों को शासकीय सेवक बनाने का वादा किया था किंतु आज 1 वर्ष से अधिक समय होने के बाद भी शासकीकरण नहीं करने के कारण सचिव संगठन व्यथित है और अपने एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। पंचायत सचिव शासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है जो शासन की समस्त योजनाओं का संचालित और क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करने का कार्य करता है सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन की बहुत सारी योजनाएं बाधित होगा साथ ही नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं मिलने से भी पंचायत के सारे कामकाज रूक जाएंगे। ब्लॉक मुख्यालय में जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर, बोधन साहू, सुरेश साहू, खेमन साहू, अम्बा चंद्राकर, अनिल साहू, भूपेंद्र सेन, भगवानी ध्रुव, गजेंद्र साहू, झगलू साहू, द्वारिका सेन, केसर साहू , भीषम कोसले, भुनेश्वर ध्रुव, केसर साहू, भुवनेश मरकाम, दिलीप चंद्राकर, लक्ष्मण भोई, तीरथ नेताम, युवराज सिन्हा, पीला दाऊ पटेल, भीखम यदु, रूपसिंग यादव, हरिश्चंद्र ध्रुव, युवराज साहू, ममता साहू, गीतेश्वरी साहू, ऊषा साहू, अंबिका सोनी सहित समस्त सचिव साथी हड़ताल स्थल में उपस्थित रहे।

# 9 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

9 ग्राम 90 हजार के अवैध हेरोइन के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के दिशा निर्देश पर जिले में अवैध नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के समस्त राजपत्रित एवं थाना प्रभारियों को नशे के काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश के साथ जिले स्तर पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों पर नजर रखने के लिए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर सक्रीय किया गया है। जो दिनांक 18 मार्च को मुखबीर से थाना प्रभारी छुरा उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम को सूचना मिला की एक व्यक्ति हल्का दाढी रखा हुआ मटमैला रंग का टी शर्ट एवं आसमानी रंग का जींस पहना है। जो मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) को अवैध रूप से रख कर बिक्री के लिए ग्राहक का तलाश कर रहा है। मुखबीर द्वारा बनाए गए हुलिया के आधार पर संदेही की तस्दीक के लिए थाना शेष पेज 10 पर









## खबर संक्षेप



### पत्रकारों ने की कलेक्टर से मुलाकात

**राजिम।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार मंगलवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात करने वालो में वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, आलोक पहाड़िया, कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा शामिल थे। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कुंभ कल्प मेला के दौरान राजिम के पत्रकारों द्वारा किए गए शानदार कव्हरेज के प्रति प्रसन्नता जाहिर किया।

### बस की टक्कर से ट्रक पलटा

**महासमुंद।** रायपुर से ओडिशा सामान लेकर जा रहे ट्रक को बस ने टक्कर मार दिया। इस टक्कर से ट्रक रोड किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर ट्रक के ड्राइवर श्रवण कुमार यादव पिता सुखदेव यादव (32 वर्ष) निवासी ग्राम महुली थाना रोसरा जिला समस्तीपुर बिहार हॉल मुकाम कटक प्रोफेसर पारा ओडिशा ने रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ट्रक आयचर क्रमांक ओडी 05 बीएफ 3051 में रायपुर से ओडिशा राज्य के अंगुल व भुनेश्वर का सामान भर कर निकला था। रात्रि करीब 11 बजे पहलवान ढाबा के सामने एनएच 53 रोड ग्राम राजा सेवैया पहुंचने पर पीछे से आ रही राधा कृष्ण बस क्रमांक सीजी 14 एमएस 6454 के चालक सलीम एक्का ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ट्रक को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया जिससे ट्रक रोड किनारे पलट गया। इसके बाद उक्त बस चालक के द्वारा ट्रेलर क्रमांक एमएच 46 बीएफ 2299 को भी एक्सीडेंट कर दिया। इस दौरान बस का चालक भाग निकला, जिससे आवागमन बाधित रहा। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281, 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब दुकान कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन

**महासमुंद।** जिले मे संचालित सरकारी शराब की दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को दो माह से वेतन नही दिया गया है। ऐसे में हेराफेरी की आशंका से इनकार भी नही किया जा सकता लेकिन, कार्य के प्रति सजग कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए जाने व बिना कारण वेतन से किए गए कटौती से परेशान होकर मंगलवार को प्लेसमेंट कर्मियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर परेशानी से अवगत कराया। बता दें कि जिले मे 40 शासकीय मदिरा की दुकान संचालित हैं। इन मदिरा दुकानों में कर्मचारियों की नियुक्ति प्लेसमेंट एजेंसी इगल हंटर सालुशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा की गई है।

## निधन

### जुलेखा बेगम

**छुईहा बेलर।** कुण्डेल निवासी जुलेखा बेगम का इंतकाल निज निवास में मंगलवार को हो गई। जिसकी नमाजे जनाजा बाद नमाज़ तरावी रखा गया। ईशा की जमात



और तरावी के फौरन बाद सुपुर्दे खाक की गई। जनाजा में पूर्व सरपंच राजेश सिन्हा, कूंजलाल सिन्हा, जादा से जादा शिरकत फरमा कर मरहूमां के हक में दुवाएं मगफिरत किये। वह मुस्लिम जमात कुण्डेल सदर जनाब अब्दुल रशीद, सब्बीर खान की अम्मी, पूर्व बैक अध्यक्ष, सरपंच नसीब बेगम अ.सत्तार खान की भाभी मां थी।

### भागवत निषाद

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा निवासी भागवत निषाद का निधन 15 मार्च को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शमशान घाट में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार सहित ग्रामीण व परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## कार्यक्रम : बिजली में सेक्टर स्तरीय महिला जागृति शिविर संपन्न

# जहां महिलाएं सशक्त होंगी वहां घर-परिवार होगा सशक्त : पूरन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

समीपस्थ ग्राम बिजली में सेक्टर स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमा निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली एवं अध्यक्षता जनपद सदस्य नंदूराम यादव ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरन लाल साहू प्राचार्य बिजली, तोषण पटेल उपसरपंच,डोमन साहू,विमला ढीढी, कुमारी निषाद, कुमारी पटेल, चेमिन साहू पंच उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक पुष्पलता यादव ने महिला जागृति शिविर के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, प्रावधानों का प्रति जागृत करना, विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओ के विरुद्ध महिलाओं को जागृत व संगठित करना तथा विभिन्न योजनाओ का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना है। पदमा निषाद सरपंच ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने आह्वान किया। जनपद सदस्य नंदूराम यादव ने कहा कि महिला जागृति शिविर से सभी माता एवं महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं के लाभ लेते हुए आत्म निर्भरता के साथ साथ आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि जहां पर महिलाएं सशक्त होंगी वहां पर घर, परिवार, समाज व राष्ट्र सशक्त होगा। आज नारी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिला को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का अवसर जरूर मिलता है।

### शिशुओं का हुआ अन्नप्राशन

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नोनी योजना, बाल संदर्भ योजना, सुपोषण योजना, सुकन्या योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शिशुओं को अन्नप्राशन कराते हुए प्रश्न मंच एवं कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनके विजेता प्रतिभागी को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।तत्पश्चात सभी महिला कार्यकर्ता एवं अतिथियों का सम्मान श्रीफल एवं कलम भेंटकर किया गया। आभार व्यक्त महिला पर्यवेक्षक ओमेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी नेताम पर्यवेक्षक, हेमलता साहू पर्यवेक्षक, ईश्वरी साहू, टानेश्वरी साहू, वंदना साहू, दुर्गा कामड़ी, राजकुमारी सोनवानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुराइन निषाद, दुर्गादास, यामिनी दास, गौरी कामडी, शिवकुमारी ठाकुर, मालती कश्यप, रुखमणी यादव, नीता सिन्हा, टेमन ध्रुव, माधुरी गोस्वामी, शैलेंद्री यदु, मनु यादव, ब्रह्मणी ध्रुव, संध्या खूंटे, द्रौपदी यादव, गोमती निषाद एवं गांव की महिलाएं उपस्थित थी।



# युवती की संदिग्ध मौत कुएं में उफली मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम ओनवा में योगेश्वरी कंवर नामक युवती का शव उसके ही घर के कुएं में उफली बरामद हुई है। युवती बीते दिनों से लापता थी। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस ने जब जांच शुरू की तो घर के कुएं में मरी हुई मछलियों के आधार पर तलाशी ली गई जहां शव मिला। घटनास्थल पर महासमुंद से फोरेंसिक टीम बुलाई गई जिसने छुरा पुलिस के साथ मिलकर पूरे घटनाक्रम का बारीकी से अध्ययन किया। शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद एसडीओपी निशा सिन्हा और छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम के मार्गदर्शन में जांच जारी है। इस



मौत को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए है आखिर यह हादसा था आत्महत्या या फिर किसी साजिश की कहानी पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, पूरे गांव में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## होली में दो विधायक गले मिले, लगाया गुलाल



**राजिम।** होली के अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू की मुलाकात समर्थको के साथ हुई। दोनो विधायक एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया।

# सरपंच संघ का गठन, पन्ना लाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





जनपद पंचायत के अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंच की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पन्नालाल ध्रुव को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में अन्य सरपंचों ने भी दावेदारी की थी। जिसमें संरक्षक अशोक ध्रुव मड़ेली ,राजकुमारी ध्रुव टेंगना बासा, सलाहकार दुवासु राम दादर गांव ,रूपउ राम जरगांव, हेमलाल नेताम रानीपरतेवा, सचिव दीपक कुमार ध्रुव मुरमुरा, सहसचिव यशवंत ठाकुर लोहझर, उपाध्यक्ष रूपा देवी ठाकुर रसेला, चेतन ठाकुर बिरनी बाहरा,भानू ध्रुव पांडुका, राधे दीवान नवापारा, जगबाई खड़मा, मीडिया प्रभारी चम्पेश्वर ध्रुव पाट सिवनी,कोषअध्यक्ष देव कुमार दीवान बोडरा बाँधा,कार्यकारी सदस्य गोदावरी बाई मुड़ागांव, हेमलता ध्रुव दादर गांव, डीगेश्वरी ठाकुर परसदा खुर्द, छतेश्वरी ध्रुव सांकरा, थनेश्वर कुमार ध्रुव साजापाली, गोवर्धन दीवान अकल वारा, योगेश कुमार ध्रुव कनेसर, विजय कृष्ण नागेश रूवाड, नीरा ध्रुव पिपर छेड़ी , तुलेश्वर ध्रुव कुडेरा दादर,बहुर सिंह दीवान जामली,कमलेश बाई गाडा घाट, गंगाबाई सिवनी ,ललिता नागेश चरोदा, किरण ठाकुर कोसमबुड़ा ,तेज कुँवर कंडरा रजनकटा, उगेश्वर कमार पिपर हट्टा, कुमारी बाई मरकाम पिपराही,तुलसी ध्रुव कुकदा, करण कुमार ध्रुव गाय डबरी, चंद्रहास बरिहा सोरिद, सरिता ध्रुव, बहुर सिंग दीवान,भोजराज नागेश,शशि प्रभा,माखन दीवान,गोमती ध्रुव, लता भूपेंद्र ध्रुव, पुलेश्वरी ध्रुव, पूसउ राम ध्रुव है, सभी पदाधिकारी को सरपंचों ने बधाई प्रमुख रूप से पुसउ राम ध्रुव अमलोर,सुमन पुरूषोत्तम मरकाम पटपर पाली,धनेश्वरी नवापारा को,कुमारी बाई मरकाम पिपराही, इन्देश्वरी कंवर सारागांव, ,गोमती ध्रुव हरदी, डेमेश्वर दीवान खेरझिटी, बहुरसिंह दीवान करकरा , लता भुपेन्द्र ध्रुव पक्तियां, संतोष कंवर फुलझर, केजा बाई सोम अतरमरा, इंद्रा बाई कंवर कुरूद, कीर्तिलता दीवान सरकड़ा, तेजकुंवर कंडरा रजनकटा, गणेशी कंवर कुटेना, कौशिल्या कंवर पोड़, ,लता बाई खरखरा, अजय कमार ठाकुर पेंड्रा, ललिता कंवर सेमहरा, ,कमलेश कुमार ठाकुर कोसमी, द्रुपती मरकाम चुरकीदादर, , विश्व प्रताप ध्रुव कोठिगाव, यमुना मरकाम भरवां मुड़ा, गोमती बिगेन्द्र सोरी पंडरी पानी गोड़,रविसिंह मरकाम मेड़किड़बरी, हेमलता ध्रुव दादर गांव नया, लता नागेश मुढीपानी, तुलेश्वर सोरी कुडेरा दादर, चेमीन दीवान करचाली, तोरण बाई देवरी, निर्मला ताराचंद बिंझवार अमेठी मनीराम नागवंशी मोंगरा, , छत्तेश्वरी ध्रुव सांकरा, कमलेश बाई ध्रुव गाडा घाट, पार्वती कंवर घटकर्रा, भुपेन्द कुमार ध्रुव तोरेगा, देव कुमार दीवान बोडरा बाँधा, चन्द्रिका नेताम केवटी झर है।

# जिपं सदस्य को समर्थकों ने लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू को होली की बधाई देने बड़ी संख्या में समर्थक पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य गृहग्राम कौंदकेरा पहुंच कर गुलाल लगाई।



## जनपद अध्यक्ष को समर्थक ने लगाया गुलाल





राजिम। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू को बड़ी संख्या में पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य ने गृहग्राम लफंदी पहुंच कर गुलाल लगाया।

# प्रिंटिंग प्रेस संघ का होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम में राजिम, नवापारा, कोपरा, पांडुका ,अभनपुर ,फिंगेश्वर एवं तामासिवनी के सभी प्रिंटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजा अर्चना पश्चात वार्षिक लेखा-जोखा एवं यूनियन का चुनाव हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष टुकेश्वर सिन्हा, उपाध्यक्ष महितोष शर्मा, सचिव त्रिभुवन साहू एवं कोषाध्यक्ष दीपक साहू चुने गए। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के पूर्व अध्यक्ष डीके साहू ने किया। हमेशा मिलजुल कर काम करने कहा। इस अवसर पर पूर्व सचिव धनेश्वर साहू, सोहन चक्रधारी, प्रेम साधवानी, आकाश जैन, सुशील सिंघई, दिलीप निषाद, शेषनारायण साहू, रोशन साहू, जितेंद्र साहू, चेतन साहू , बसंत प्रजापति, योगेश दीवान, अशोक सिन्हा, मुरली चक्रधारी, सुरेश तारक, कोमल साहू, अनिल यादव, जयंत साहू, प्रेम वैष्णव, दयालू साहू, टीकेन साहू, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, गोलू निषाद, हरीश साहू, गणपत साहू , पुरुषोत्तम साहू, अनिल साहू, दीपक सेन, अभिजीत चौधरी, सुदामा साहू, डिगेंद्र साहू, लकी साहू, वेदप्रकाश , देवदास, भूपेंद्र साहू, सुंदर साहू, टिकेश्वर पटेल, आकाश बाग, लोकेश कुमार, देवीचंद साहू, तुकेश साहू , ओमप्रकाश साहू, भुवनेश्वर साहू,परमेश्वर विश्वकर्मा मौजूद थे।

# गायत्री मंदिर में आज मनाया जाएगा रंगपंचमी पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

आज रंगपंचमी पर्व नगर सहित अंचल मे मनाया जावेगा। तिथि को लेकर भ्रांति होने पर कुछ लोगों के द्वारा रंगपंचमी 18 मार्च को मनाया गया है। हालांकि रंगपंचमी चैत्र मास के कृष्ण पक्ष के पंचमी तिथि पर आज 19 मार्च को मनाया जाएगा। आज रंगपंचमी का पर्व गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में नगर विकास संघर्ष समिति के द्वारा सुबह 9 बजे आयोजित होगा जिसमें नगर के नागरिक शामिल होकर रंगपंचमी पर्व उत्साह से मनायेंगे।

### वार्ड 9 में मनी रंगपंचमी

रंगपंचमी पर्व को लेकर वार्ड 9 मे एक दिन पहले महिलाओं के द्वारा वार्ड पार्षद शांति कोसरे की उपस्थिति में मनाया गया है जिसमें महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर भगवान कृष्ण एवं राधा के प्रेम रस के गीत गाकर रंगपंचमी पर्व का आनंद लिया एवं एक -दूसरे को रंगपंचमी पर्व की बधाई दी।

## पेज 9 के शेष...

### चलती कार में लगी...

निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार पूरी तरह आग की चपेट में आ गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन को जानकारी दी। हालांकि, आग लगने का सही कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन शुरुआती अनुमान में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। वाहन विशेषज्ञों के अनुसार, समय-समय पर कार की जांच और मेंटेनेंस न कराने से ऐसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में वाहनों में आग लगने की घटनाएं आम हो रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमित रूप से अपने वाहनों की जांच करवाएं और सुरक्षा उपाय अपनाएं।

### 9 ग्राम हेरोइन...

से हमराह स्टाफ के घटना स्थल रवाना हुआ। घटना स्थल ग्राम कोसमबुडा फिंगेश्वर तिराहा के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) की बिक्री के लिए ग्राहक का तलाश कर रहा था। उक्त संदेही व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही आरोपी का नाम अजय मोटवानी उम्र 35 वर्ष, निवासी तेलीबांधा रायपुर का रहने वाला बताया। पुछताछ करने पर हेरोईन (चिट्टा) होना बताया। तौल करने पर 09 ग्राम किमती 90 हजार रुपए होना पाया गया। थाना छुरा में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 38/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अजय मोटवानी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में जिला रायपुर के अलग-अलग थानों में विभिन्न धाराओं के तहत कुल 29 मामले दर्ज है, इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, सउनि0 मोहन सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार गिलहरे, दुकेश्वर साहू, डिगेश्वर साहू, रिजवान कुरैशी, अलिखेश वैष्णव, अरविन्द जाटवर, अवध पटेल, राजकुमार मरकाम एवं साइबर सेल टीम की विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप




### शिक्षक संगठन ने पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद ने आज प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श की अगुवाई में ब्लाक प्रमुख बाबूलाल ध्रुव के नेतृत्व में महासमुंद नगर के नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से सौजन्य मुलाकात कर अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि महासमुंद को स्वच्छ सुंदर नगर बनाने में आप शिक्षकों के सहयोग की महती आवश्यकता है। आप सब मुझे मार्गदर्शन प्रदान करे हम मिलकर अपने नगर का उत्तरोत्तर विकास करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने समस्त फेडरेशन परिवार का आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों ने मेरे कार्यालय में आकर मेरा सम्मान किया, इसके लिए मैं फेडरेशन परिवार का आभारी हूं। सौजन्य मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से राजेश चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, आत्माराम साहू, सचिव लव निर्मलकर, अजय कुमार बंजारे, दिगेश पुरेना सहित फेडरेशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

### बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड नमायण समारोह शुरू

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर जैतखाम पारा में 16 मार्च रविवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा महान संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर त्रिदिवसीय अखंड नमायण का शुभारंभ किया गया।



जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सोनवानी, समीर ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, सुशील भारती, प्रदीप बघेल ने बताया कि आस पास के और दूसरे जिले सत्संग मंडली द्वारा नमायण समारोह में सत्संग प्रस्तुत की जा रही है। जिसमें प्रत्येक सत्संग मंडली में 5 सदस्य होना अनिवार्य है। समस्त मण्डली अपना वाद्य यंत्र साथ लाएं। मंडली को अपनी वेषभूषा भी लानी होगी। प्रत्येक सत्संग मंडली को 1151 रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में भेंट की जा रही हैं। जिसका समापन 19 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे भ्रमण शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। उक्त जानकारी हितेश सोनवानी ने दी।

### टुपेश को मिली पीएचडी की उपाधि

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में शोधार्थी टुपेश कुमार कोसमा द्वारा छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में अनुसूचित जनजाति महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था (भानुप्रतापपुर विकासखंड के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध निर्देशक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरा किया। जिसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 18 मार्च 2025 को जारी करते हुए दी गई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य द्वय डॉ ज्योति पांडे, डॉ अनुसुइया अग्रवाल एवं वर्तमान प्राचार्य श्रीमती करुणा दुबे एवं शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों, सहपाठियों, परिवारिक सदस्यों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जय मां खल्लारी बेमचा वाली

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के मां खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्वलन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। वहीं, पंचमी श्रृंगार 2 अप्रैल, हवन अनुष्ठान 5 अप्रैल संध्या 5 बजे, ज्योति शांति 5 अप्रैल रात्रि 12 बजे, मेला 12 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान गंगा सप्ताह के दौरान भगवताचार्य पंडित मिथलेश कुमार तिवारी वाले प्रवचन करेंगे। जिसका समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन होगा। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

**समस्या : देवगांव के ग्रामीण एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर**

# एक माह से नल जल योजना बंद, पेयजल संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

केंद्र सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की शुरुवात 2019 को शुरू हुई थी। इस मिशन का लक्ष्य साल 2024 तक भारत के हर गांव में नल से पेयजल उपलब्ध कराना था। लेकिन योजना में कुछ ऐसी खामियां हैं जिससे जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्राम पंचायत चरभट्ठी के आश्रित ग्राम देवगांव के निवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह का मामला क्षेत्र के और भी पंचायत में है। फिलहाल देवगांव में पीने की पानी को तरसते देखने को मिला है। भीषम देव ने बताया की एक माह से नल जल से पीन की पानी का सप्लाई बंद है। एक मात्र बोर चल रहा है जिसमें गांव भर के लोगों की निस्तारण हो रहा है। इसे भी काफी दूर चल कर पानी लाना होता है। अन्य ग्रामिणों ने बताया कि वर्तमान सरपंच राजेन्द्र साहू का केवल शपथ ग्रहण हुआ है, पदभार एवं वित्तीय अधिकारी भी नहीं है। वहीं पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू पदभार मुक्त मान रहे हैं तथा पंचायत सचिव यशवंत साहू हड़ताल पर हैं। यहां इन जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। इन तीनों के बीच में आम जनता पीस रहा है। और पीने की पानी को तरस रहे हैं। इनमें जल जीवन मिशन की आधा अधूरा और अनियमितता कार्य बड़ी बाधा बनी हुई है।

## फंड का अभाव इसलिए काम रुका



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारी ने कहा की फंड का अभाव है इसलिए काम रुका हुआ है। लेकिन जनता को पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, सचिव, विभागीय अधिकारी के सफाई देने से कोई सरोकार नहीं, उन्हें सिर्फ पानी की सुविधा चाहिए। एक महीने से नल जल योजना बंद पड़ी है। ऐसे में ग्रामीणों को एक किलोमीटर की दूरी तय करके पानी के लिए जाना पड़ रहा है। यहां पर बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी लोग पैदल, साइकिल और मोटरसाइकिल से पानी के लिए जाते हैं। वर्तमान सरपंच राजेन्द्र साहू ने कहा की अभी प्रभार नहीं मिला है फिर भी बोर में एक नया पंप डाला गया है जिससे निस्तार सुविधा सुलभ हुआ है। जल जिवन मिशन की बड़ी खामी है। जिस बोर में पाइप विस्तार होना है वहां सर्वे नहीं किया गया जिसमें काम अधूरा है जो आम जनता के लिए परेशानी बनी हुई है। नव पदस्थ सरपंच राजेन्द्र साहू को यह संकट विरासत में मिली, इसे निपट पाना उनके लिए चुनौती बन गया है।

## नगर में जल संकट गहराने से लोगों को नलों से नहीं मिल रहा है पर्याप्त पानी

**फिंगेश्वर।** नगर के वार्डों में इन दिनों नागरिकों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के पानी टंकी से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। पानी टेंकर से पानी प्रदाय करने की मांग नागरिकों ने की है। वहीं पर नगर पंचायत ने सिंचाई विभाग से नहरो से पानी देने की मांग की है।
मार्च महिने मे तापमान में वृद्धि होने से भूमिगत जलस्रोत के गहरा जाने से बोर से पानी टंकी में पर्याप्त पानी नहीं भरने के कारण लोगों को नलों से अपर्याप्त पानी का लाभ नहीं मिल रहा है जिसके चलते लोग स्नान आदि के लिए दूसरे टिकानों का शरण ले रहे हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि नल से मुश्किल से एक दो बाल्टी पानी मिल रहा है जिसे पीने के लिए उपयोग कर रहे है। वहीं स्नान आदि के लिए दूसरे ठौर मे जाकर स्नान आदि का काम किया जा रहा है। जल संकट के इस दौर को सम्हाला नहीं गया तो यह संकट और भी गहरा सकता है। इस मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी को बताया गया तो उन्होने पानी की समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि ऐसी स्थिति हर साल गर्मी मे होती है। सिंचाई विभाग से निस्तारी पानी देने की मांग नगर पंचायत की ओर से की गई है। नहरों से पानी आने के बाद जल स्रोतो मे कमी आयेगी और बोर से भी पर्याप्त पानी मिलने से पानी टंकी को पर्याप्त पानी मिलेगा और जल संकट दूर हो जायेगा। ऐसे वार्ड जहां पर पानी की एकदम कमी है वहां पर टेकरों से पानी देने की व्यवस्था की जावेगी।





# पानी बिन खेतों में पड़ी दरारें, सूख रही धान की फसल, किसान चिंतित

**छुईहा बेलर।** ग्रीष्म कालीन व रवि फसल में धान फसल हजारो एकड़ में लगे हुए हैं। किसान मेहनत कर धान की पौधा को अच्छी स्थिति में ला खड़ा किया है। लेकिन ऐन वक्त इस समय भयंकर सूखा से धान की खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। नहर में बुंद भर पानी नहीं है, वहीं क्षेत्र की नहरों में इस समय पानी की जगह धूल उड़ रही है। पानी के अभाव में धान की फसलें सूख रही रही हैं, जिससे किसान चिंतित हैं। चिंतित किसान ने राजिम विधायक रोहित साहू को रविवार सेंदर प्रवास पर किसान अपना दूखडा सुनाया। विधायक ने तत्परता से सिंचाई विभाग अधिकारी गरियाबंद ई बर्मन को फोन कर निर्देशित किया कि किसानों को पानी की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, तत्काल सुचारू व्यवस्था बहाल करे। यह सुनकर किसानों की चेहरे में थोड़ी राहत मिली, पर अब तक खेत में पानी नहीं पहूंचने से वहीं चिंता अब भी बरकरार है। किसानों की विधायक के अलावा संबंधित विभाग अधिकारी को बार बार फोन कर मांग के बावजूद अब तक नहरों में पानी नहीं पहुंचा है। वहीं विधायक के निर्देश बाद अधिकारियों ने अपनी सक्रियता दिखाई है। अधिकारियों ने दावा किया है कुगदा से पानी निकल गया है, आज खेत तक पानी पहूंच जायेगा। छुईहा, चरौदा, बेलर,जमाही, धुरसा के किसानों ने कहा की अब तक किसी तरह फसलों को बचाए रखे लेकिन आगे विद्युत विभाग की तरह आंख मिचौली की तो फसल बचा पाना मुश्किल हो जायेगा। सिंचाई विभाग एसडीओ संतोष चंदेल ने कहा की कुगदा तक पानी पहुंच गया है, आज खेत तक पानी पहुंच जायेगा।

- विधायक ने सुचारू व्यवस्था के दिए निर्देश, अधिकारी ने कहा- कुगदा से निकल चुका है पानी



# किरवई में कलेक्टर द्वारा आवंटित भूमि में ही कृषि कॉलेज खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 4 वर्षों से गरियाबंद जिला में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खोली गई है जो अपने भवन के लिए तरस रहा है विगत 2 वर्ष पूर्व इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय केकुल सचिव ने किसी महाविद्यालय भवन के लिए ग्राम किरवाई के संत कवि पवन दीवान हायर सेकेंडरी स्कूल के कृषि भूमि को जो की फिंगेश्वर राजिम मुख्य मार्ग में स्थित है को पसंद करते हुए जमीन हेतु ग्राम पंचायत किरवई एवं प्राचार्य तथा शाला विकास समिति को सहमति के लिए पत्र प्रेषित किए थे जिसके तहत ग्राम पंचायत एवं शाला प्रबंधन समिति ने स्कूल कृषि भूमि को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बनाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए कलेक्टर गरियाबंद को प्रस्ताव प्रेषित किए थे जिसके तहत कलेक्टर गरियाबंद ने कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र को शाला कृषि भूमि को भवन निर्माण हेतु आवंटित किए थे रिटायर्ड प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे ने बताया कि कुलसचिव ने अपने अधिकारियों तथा प्राचार्य के साथ उक्त जमीन का अवलोकन किया एवं आवागमन की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर द्वारा आवंटित जमीन में ही भवन निर्माण करने की मंशा जाहिर किया एवं उक्त कृषि भूमि में फसल उगाने के लिए मना किए थे विगत दिनों विधायक रोहित साहू ने विधानसभा में कृषि महाविद्यालय भवन के संबंध में प्रश्न पूछे तो ज्ञात हुआ कि उक्त भवन हेतु 15 करोड़ स्वीकृत हो चुकी है एवं भवन निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है इस खबर को सुनते ही ग्रामवासी किरवई अत्यंत हर्षित हुए एवं विधायक रोहित साहू के प्रति आभार प्रकट करने हेतु उनके निवास में मिले और मांग किए कि ग्राम किरवई में कलेक्टर द्वारा आवंटित भूमि में ही कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भवन निर्माण कराया जाए इस पर विधायक श्री साहू ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मांग करने वाले में प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच हेमंत देव कुमारी साहू पूर्व सरपंच यथार्थ शर्मा शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल साहू सभी नवनिर्वाचित पांच धनंजय साहू उपस्थित थे उक्त मांग का समर्थन ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच रामकली ध्रुव जनपद सदस्य राधेश्याम साहू ने भी किया है।



# पंचायत सचिव संघ एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विधानसभा चुनाव 2023–2024 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वायदा किया गया था लेकिन छत्तीसगढ राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने के कारण नाराज पंचायत सचिवों ने सोमवार को विधानसभा घेराव करने रायपुर पहुंचे और मंगलवार से जनपद पंचायत मैनपुर के सामने मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के सचिव अपने हक की आवाज बुलंद करने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, हड़ताल का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया, ज्ञात हो कि सचिव संघ के हड़ताल में चले जाने से ग्राम पंचायत एवं ग्रामों में विकास कार्य प्रभावित होंगे अभी ग्राम पंचायत का चुनाव सम्पन्न हुए 01 माह हुआ है और ग्राम पंचायतों में नव निर्वाचित सरपंचो ने पदभार भी ग्रहण नहीं किया है तो वहीं ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ढप पड़ा हुआ है, गर्मी प्रारंभ होते ही गांव- गांव पेयजल समस्या बढ जायेगी ऐसे समय में सचिव संघ द्वारा हड़ताल किये जाने से ग्रामीण क्षेत्रें के लोगो को भारी दिक्क्तों का सामना करना पडेगा तो वही गांव में विकास कार्य प्रभावित होंगे। वहीं ज्ञात हो पंचायत सचिव 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना,महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, आवास का सर्वे, पेंशन, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मनरेगा सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यो का निष्पादन करते है। मैनपुर ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव से पूर्व मोदी की गारंटी के तहत सचिवों को शासकीयकरण करने का वायदा किया गया था, लेकिन पंचायत सचिवों के वर्षो लंबित मांग बजट में शामिल होने से पंचायत सचिवों में नराजगी व्याप्त है और जब तक मांग पुरा नहीं हो जाता तब तक काम बंद कलम बंद हड़ताल किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर ब्लॉक सचिव संघ अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव, सालिक पटेल, त्रिवेंद्र नागेश, रामेश्वर ध्रुव, योगेंद्र यादव, ओमप्रकाश कोमर्रा, संतोष गुप्ता, तुकाराम नायक, अब्दुल सलाम खान, कुलदीप मरकाम, संजय राजपूत, परमेश्वर सेठी, निर्मल देशमुख, छबि कंवर, भोलाराम चक्रधारी, कैलाश यदु, त्रिलोक नागेश, चम्पेश्वर दास, अनिल नेताम, डोमेश्वरी महिलांगे उपस्थित थे।

## कोमा केंद्र में 36 परीक्षार्थी हुए शामिल...



**राजिम।** आठवीं बोर्ड की परीक्षा एक लंबे अंतराल के बाद 18 मार्च से शुरू हो गई है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा में केंद्र अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि यह परीक्षा 3 अप्रैल तक चलेगी। इस परीक्षा केंद्र में कुल 36 परीक्षार्थी शामिल हुए है।

## सोसायटी अध्यक्षों की बैठक आज

**राजिम।** 19 मार्च को सुबह 11:30 बजे पांडुका सोसाइटी में सभी समिति के पदाधिकारी एवं समिति के अध्यक्षों की बैठक होगी। जिसमें कई विषयों पर चर्चा होगी।



यह जानकारी देते हुए संस्था के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने सभी अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को हर हाल में बैठक में उपस्थित होने आग्रह किया है।

# मां के जन्मदिन पर चित्रंश ने मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव की धर्मपत्नी श्रीमती वर्शा ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर आज उनके पुत्र एवं एनएसयुआई के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव ने शासकीय अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। साथ ही जरूरतमंद 30 से ज्यादा ग्रामीणों को गमछा,धोती एवं महिलाओं को साड़ी वितरण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस महामंत्री अरूण सोनवानी, मनोज नागेश, निखिल नेताम, सुरज कुमार एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।




आज दशगात्र

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्य पति श्री बिसहत राम सिन्हा का स्वर्गवास दिनांक 13.03.2025 दिन गुरूवार को हो गया है। अतः आप सह सपरिवार निम्न कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को श्रद्धांजली प्रदान करें।



स्व. श्री बिसहत राम सिन्हा
जन्म दि. 13/03/1959 | स्वर्गवास दि. 13/03/2025

कार्यक्रम
दशगात्र दिनांक - 19.03.2025, बुधवार
कार्यक्रम स्थल - खड़मा (छुरा)
टीप- तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे संपन्न होगा।

शोकाकुल -
खेमलाल, हेमलाल, टीकम, अमृत, घनश्याम, मोहन, सोहन लाल, अशोक, प्रेमलाल, प्रकाश, भूपेश, होमेश्वर, यशवंत, संतोष, हेमंत, चमन, विकास, गुलशन, डीपेश, रोशन, टेमेश, खुशांत, हर्षवर्धन एवं समस्त सिन्हा परिवार।

विनीत -
श्रीमती ईरूपा सिन्हा (पत्नि)
देवानंद सिन्हा (पुत्र)
ग्राम - खड़मा (छुरा), मो. 9399746896

टीप : जिस किसी सज्जन को शोक पत्र नहीं मिला है, कृपया इसे ही शोक पत्र समझे।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 2 में सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नंबर 2 में रेलवे द्वारा मार्ग के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। मार्ग का निर्माण भी रेलवे द्वारा ही किया जाएगा। मार्ग के निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने विधायक इंद्रकुमार साहू के समक्ष प्रस्ताव रखा था। विधायक श्री साहू के संज्ञान में आते ही रेलवे के उच्चाधिकारियों से मार्ग के लिए मांग रखी गई थी। बता दें कि पालिका अध्यक्ष मार्ग निर्माण के लिए प्रयासरत थी। परिणामस्वरूप पालिका अध्यक्ष के आग्रह एवं विधायक के आदेश से रेलवे द्वारा मार्ग के लिए स्वीकृति मिली है। जिसका नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा अभनपुर से नवापारा तक 17 किलोमीटर रेलवे लाइन बिछा दी गई है। जिसके लिए वार्ड नंबर 2 में जाने वाला मार्ग रेलवे पटरी बिछाए जाने के कारण जर्जर हो गया था। वार्डवासियों को आने जाने में तकलीफों का सामना करना करना पड़ रहा था। वार्डवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस पर पहल की गई। वार्डवासियों ने अध्यक्ष के प्रयास की सराहना की है।

### वार्ड 8 भोईपारा में पानी की समस्या

**नवापारा-राजिम।** मार्च में ही इस बार गर्मी का तेवर दिखने लगा है। वाटर लेवल काफी नीचे की ओर चला गया है। पानी की समस्या अभी से खड़ी हो गई है। शहर के ऐसे कई वार्ड है जहां पानी की किल्लत की है। वार्ड क्रंमाक 8 भोईपारा के लोग बाल्टी एवं गंजी तथा टफ लेकर सदर रोड और कुम्हार पारा जाकर जद्दोजहद करते नजर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक पूर्व में जो पाईप लाईन से पानी आ रहा था वहां रेल्वे की पटरी बिछाई गई है जिसके वजह से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया है। कै से भी करके यहां के लोग पाईप लाईन से नया नल कनेक्शन लिया है तो उसमे 10-15 मिनट ही पानी आ रहा है। इससे वार्डवासी अभी से परेशान दिखाई दे रहे है। वार्डवासियो का कहना है कि पूर्व में रेल लाइन बिछाने के वजह से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के बदले में नए बिछाए गए पाइपलाइन से जो नल कनेक्शन लिया गया है उसमें पानी के बहाव को तेज करना पड़ेगा तभी पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति हो पाएगी।

### युवा नारी शक्ति का गठन

**महासमुंद।** संजय नगर वार्ड क्रमांक 5 में आज युवा नारी शक्ति का गठन किया गया। उक्त संगठन का नेतृत्व पार्षद जितेंद्र ध्रुव ने बताया कि संगठन में रहकर वार्ड में आये दिन आसामाजिक तत्वों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट, नशा कारोबार सहित अनेक कार्य जिससे वार्ड की शांति भंग होती हो उसके रोकथाम के लिए आगे आएंगे। संगठन में महिला शक्ति से अध्यक्ष बोइदेइ बारिक, उपाध्यक्ष सविता जगत, सचिव लक्ष्मी सिंदे व सदस्यों में घुरुवा बाई, नीरा बाई, रघमा महानंद, उर्मिला, मथुरा, निर्मला, लता, उषा, पिंकी, जैमुन, अनसुइया, रुखमणि, रेखा सहित वार्ड की अनेक महिलाओं को सदस्य चुना गया।

**बैठक :** कलेक्टर ने जनसेवाओं को समय-सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने, धान उठाव, ई-केवाईसी, 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा, डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम जनमन योजना, सीएम डेशबोर्ड, फार्मर रजिस्ट्री, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने सहित अहम मुद्दों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को कहा कि गांव में विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने के पूर्व इसकी सूचना ग्रामीणों को दे, साथ ही इसकी सूचना अखबार में प्रकाशित कराएं। जिन क्षेत्रों में लो - वोल्टेज की समस्या है तो उसे सुधार कराएं। कुछ ग्रामीणों द्वारा बिजली बिल का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है तो ऐसे गांव में जाकर उन्हें बिजली बिल भुगतान करने की समझाईश दे।

## पीएम पोर्टल में दर्ज आवेदनों का तत्काल करें निराकरण



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने खाद्य विभाग, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि समिति में रखे धान उठाव की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरी की जाए। पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सर्वे कार्य समय पर पूरा हो ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को मिल सके। जहां प्रारम्भ नहीं हुए हैं वहां प्रारम्भ करने, प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। उन्होंने जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन और पीएम पोर्टल में दर्ज आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसेवा गांरटी अधिनियम के तहत सभी जनसेवाओं को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी योजनाओं और समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने तथा आमजन को इसका लाभ जल्द से जल्द दिलाने साथ ही सभी विभागों को कार्य में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# छुईहा जंगल में हाथी ने ग्रामीणों को दौडाया, वन विभाग ने कराई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लंबे समय के बाद मैनपुर वन परिक्षेत्र के छुईहा जंगल में मंगलवार को एक जंगली हाथी भटकते भटकते पहुच गया, जंगली हाथी जंगल में महुआ एकत्र करने गये ग्रामीणों के तरफ देखकर चिंघाड लगाते हुए दौडाया ग्रामीण जान बचाने गांव के तरफ भागे और इसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया, वन विभाग के एसडीओं राजेन्द्र सोरी के नेतृत्व में विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एंव हाथी मित्रदल के सदस्य सुबह 10 बजे से छुईहा गोपालपुर, कोदोभाठ, साल्हेभाठ एंव गौरघाट नेशनल हाईवे के पास ग्रामीणों को जंगल के तरफ अकेले सुरक्षा के दृष्टि से नही जाने के लिए अपील कर रहे है, हाथी महादेव घाट तालाब में सुबह 09 बजे जल क्रीडा करते देखा गया और अभी छुईहा के नजदीक जंगल में हाथी डेरा डाला हुआ है, जो देर रात सुनसान होने के बाद नेशनल हाईवे पार कर कुल्हाडीघाट जंगल के तरफ जाने की उम्मीद है इसके कारण वन विभाग द्वारा नेशनल हाईवे में वन विभाग के कर्मचारी तैनात किये गये है, वही लगातार वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथी प्रभावित ग्रामो में पहुचकर लोगो को जंगल के तरफ नही जाने की अपील किया जा रहा है, साथ ही गांव गांव मुनादी करवाया जा रहा है।



### जानकारी मिली है

वन विभाग के एसडीओं राजेन्द्र सोरी ने बताया कि यह हाथी सिकासार दल का है जो रिसगांव नगरी जंगल के बाद गोबरा होते हुए देर रात मैनपुर के नजदीक छुईहा के जंगल में पहुंचा है सुबह कुछ ग्रामीण महुआ एकत्र करने गये थे जो हाथी की चिंघाड को सुनकर भागे है, ऐसे जानकारी मिली है, उन्होने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार हाथी के हर गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है, साथ ही यह उम्मीद किया जा रहा है कि देर रात यह हाथी नेशनल हाईवे को पार कर कुल्हाडीघाट जंगल के तरफ बढेंगा।

# युवा जल्द सफलता की चाह में भटक रहा उसे सही दिशा देने की जरूरत : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




- गायत्री परिवार ने किया युवा सम्मेलन व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

गायत्री शक्ति पीठ में युवा सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन गुरु वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में युवाओं को व्यक्तित्व विकास, समाज सेवा, आत्म सशक्तिकरण और राष्ट्र उत्थान के लिए प्रेरित किया गया। युवा सम्मेलन की मुख्य बातें व्यक्तित्व विकास पर जोर,सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के सामंजस्य को समझने और विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षक कुलदीप भारती ने बताया कि आध्यात्मिकता और ध्यान से आत्मा के श्रेष्ठ संस्कार जागृत होते हैं। उन्होंने युवाओं को गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की लेखनी का अध्ययन करने की प्रेरणा दी और कहा कि उनका साहित्य जीवन के हर पहलू को समझने में सहायक है। गायत्री परिवार का उद्देश्य, गायत्री परिवार का संकल्प धरती पर स्वर्ग का अवतरण और मनुष्य में देवत्व का उदय है। इसके लिए व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण के अभियान चलाए जा रहे हैं। युवा जागरण और समाज उत्थान, गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर युवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में सहायक बनाना है। कुलदीप भारती ने कहा, जब-जब बड़ा परिवर्तन हुआ है, तब-तब युवा शक्ति की अहम भूमिका रही है। लेकिन आज का युवा जल्दी सफलता की चाह में भटक रहा है और उसे सही दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने नशामुक्ति, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा को युवाओं के लिए आवश्यक बताया। युवा शक्ति के योगदान पर बल सम्मेलन में यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और जागरूक युवा ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। अतः ऐसे अवसादीय (रिहायशी) 5-दिवसीय युवा शिविर हर वर्ष आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे युवा अपने जीवन का उद्देश्य समझ सकें और अपनी प्रतिभा को निखारकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। बाल संस्कार शाला के प्रशिक्षक का सम्मान इस अवसर पर युवा प्रशिक्षक कुलदीप भारती भैय्या जी को मंत्र चादर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। फूलों की होली के साथ उमंग और उल्लास युवा सम्मेलन के पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें फूलों की होली खेली गई।

**प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

# अनुशासन, लगन के साथ किया गया परिश्रम सदैव फलीभूत होता है : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- नेशन्स प्राईड पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

बाल मनोविज्ञान कहता है कि सभी उपलब्धियों का प्रारंभिक बिंदु इच्छा है। यदि किसी के मन में सफल होने की इच्छा है तो वह निश्चित रूप से सफल होगा। इन्हीं मनोवैज्ञानिक अवधारणाओं को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए नेशन्स प्राईड पब्लिक स्कूल छुरा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छात्र-छात्राओं के विशिष्ट प्रयासों की सराहना और पुरस्कृत करने के लिए कार्यक्रम रखा गया था। विद्यालय ने संज्ञानात्मक और सह संज्ञानात्मक दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले नवांकुरों को सम्मानित किया। बच्चों के न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की सराहना की गई बल्कि सर्वश्रेष्ठ वक्ता, उदीयमान कलाकार, सर्वश्रेष्ठ नवाचार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सह पाठयक्रम उत्कृष्टता, सबसे गुणी छात्र, नियमितता और समय की पाबंदी जैसी श्रेणियों की भी सराहना की गई। समारोह की शुरुआत ईष्ट देवों की स्तुति के साथ हुई। उपरान्त स्वागत, वन्दना, भाषण दिया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्कूल गीत, प्रेरणादायक गीत एवं नृत्य प्रदर्शन की सभी ने सराहना की गई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति संरक्षक सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर सिन्हा, शाला संचालक ललित कुमार साहू, प्राचार्य संतोष कुमार निषाद, पालक समिति सचिव भूपेंद्र कुमार देवदास, सदस्य अजेंद्र कुमार कमार, श्रीमती गंगा ओगरे, कृति यादव, कन्हैया यादव, श्रीमती चुम्पश्वरी साहू, लेख सिंह ध्रुव, शिव सेन जी, साजीता बेगम, राजेश राठौर द्वारा छात्र-छात्राओ को पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से के.आर. सिन्हा ने कहा कि मेहनत का फल बहुत मीठा होता है। अनुशासन के साथ परिश्रम, लगन और समय पर किया गया कार्य सदैव फलीभूत होता है। संचालक ललित साहू ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी संस्था की प्रतिबद्धता को दुहराया। पालकों को सेवा का अवसर प्रदान करने हेतु धन्यवाद भी ज्ञापित किया। विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली भावी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।



### मन में इच्छा जागृत करें और उसके अनुरूप मेहनत करें

प्राचार्य संतोष कुमार निषाद ने विजेताओं को बधाई और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। सर्वप्रथम मन में इच्छा जागृत करें और उसके अनुरूप मेहनत करें। उन्होंने बच्चों को उन नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए याद दिलाया जो संस्थान का एक अभिन्न अंग हैं। यह न केवल विजेताओं के लिए बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी गर्व का क्षण था। जिनको उनके बच्चे की सफलता पर सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले हुए नजर आए। कार्यक्रम में शिक्षक महेश्वर नायक, कृष्णेश यादव, तरुण कंवर, श्रीमती शारदा सिन्हा, प्रिया साहू, मंजुलता साहू, चितरंजनी निषाद, किरण निषाद, जया यादव, अर्चना साहू, देवबती निषाद, हसीं साहू, स्टॉफ राधा दीदी, धन्नू सोरी, हेमंत, गया प्रसाद, पालकगण एवं शालेय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरिहर शाला में माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपसचिव ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां माध्यमिक शिक्षा मण्डल के उपसचिव श्री अग्रवाल एक टीम के साथ बोर्ड परीक्षा की जांच के लिए पहुंचे। केन्द्राध्यक्ष एफके दानी ने बताया कि बारहवीं बोर्ड की रसायन शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं लेखाशास्त्र की परीक्षा थी। जिसमें रसायनशास्त्र में 48 परीक्षार्थी ,राजनीतिशास्त्र में 98 एवं लेखाशास्त्र में 53 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं, जिस पर श्री अग्रवाल ने संतोष व्यक्त किया। इस संकुल के अंतर्गत कुल 6 विद्यालयों में शासकीय हरिहर पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तर्री, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुलना, श्रीराम जानकी विद्या मंदिर नवापारा, ज्ञानदीप शिशु विद्या मंदिर नवापारा, परमेश्वरी शिशु विद्या मंदिर तर्री विद्यालय शामिल है। कुल 324 परीक्षार्थी शामिल हुए। संकुल केन्द्र प्राचार्य दानी मैम ने सभी स्कूलों का निरीक्षण किया। उनके साथ टीम में संकुल समन्वयक विनोद साहनी एवं वरिष्ठ व्याख्याता महेशराम नेताम भी थे।

# सरपंच संघ के अध्यक्ष बने मुकेश ढीढी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में अभनपुर ब्लॉक में सर्वसम्मति से सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी को चुना गया है। नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, अभनपुर मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खोरपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, नवापारा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिरका-जितेंद्र बंजारे, बसन्त कोसले, सिंटू जैन, सूरज साहू, साहू समाज अध्यक्ष भोजराम साहू, पूर्व संघ अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, जनपद सदस्य रानी-मनोज सोनवानी, जनपद सदस्य कमल तारक, झडीराम पटेल, रविकुमारी, संजय बंजारे सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल है।

**जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रति विभाग संवेदनशील**

# मुनगापदर में ग्रामीणों को थ्री-फेस पावर पंप लगाकर पेयजल प्रदाय किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खबर का असर


**दिखावा :** जिस ग्राम से पांच बार भाजपा के विधायक चुने गए आज पानी के लिए तरस रहे

**मुनगापदर के ग्रामीण झरिया का पानी पीने को मजबूर**

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुनगापदर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के बाद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है ग्रामीण नदी नाले का पानी पीने मजबूर हो रहे है, इस खबर को हरिभूमि ने 18 मार्च को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। जिसके बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यो के प्रति विभाग संवेदनशीलता बरते हुए मुनगापदर के ग्रामीणों को थ्री-फेस पावर पम्प लगाकर पेयजल प्रदान किया जायेगा, मैनपुर के ग्राम मुनगापदर में जल जीवन मिशन के तहत मुनगापदर एकल ग्राम जलप्रदाय योजनान्तर्गत राईजिंग मेन 75 मीटर, डिस्ट्रीब्युशन 1818 मीटर, उच्चस्तरीय जलागार 40 कि.ली. तथा 138 घरेलू नल कनेक्शन स्वीकृत है तथा राईजिंग मेन 75 मीटर, डिस्ट्रीब्युशन 1818 मीटर, उच्चस्तरीय जलागार 40 कि.ली. तथा 138 घरेलू नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। तथा 1.5 कि.मी. दूर ग्राम में योजना हेतु नलकूप खनन कार्य कराया गया है। जिसकी जल आवक क्षमता पर्याप्त है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरे ने बताया कि 07 मार्च 2025 को ठेकेदार मेसर्स एमएस कन्स्ट्रक्शन, रायपुर द्वारा विद्युत विभाग को 8 हजार 580 रूपये का विद्युत कनेक्शन के लिए डिमाण्ड नोट के लिए राशि जमा किया गया है। विद्युत कनेक्शन प्राप्त होने के उपरान्त, नलकूप में थ्री-फेस पावर पंप लगाकर मुनगापदर के ग्रामवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा। ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यो के प्रति विभाग संवेदनशील है।

